>

Title: Issue regarding proper treatment of North East and Darjleing residents in other parts of India.

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): धन्यवाद, सर। जिस तरह से युद्धस्तर पर कोरोना वायरस को रोकने के लिए भारत सरकार काम कर रही है, वह बधाई की पात्र है।

सर, मेरा क्षेत्र दार्जिलिंग भारत में एकमात्र ऐसा जिला है, जिसके चार इंटरनेशनल बॉर्डर्स हैं - एक तरफ चाइना है, बांग्लादेश है, नेपाल है और भूटान है। सिलीगुड़ी से गुजरकर ही पूरा नॉर्थ ईस्ट देश से जुड़ता है। देश भर और दुनिया भर के सबसे ज्यादा टूरिस्ट्स मेरे क्षेत्र में आते हैं। वहां राज्य सरकार अपने स्तर पर काम कर रही है, लेकिन मुझे लगता है कि वह पर्याप्त नहीं है। मेरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी है, इसके लिए मैं सरकार से निवेदन करता हूं, इसके लिए मैंने पत्र व्यवहार भी किया है। मेरे क्षेत्र में स्क्रीनिंग, टेस्टिंग और अच्छे ट्रीटमेंट की आवश्यकता की पूर्ति करें।

सर, ऐसी कठिन परिस्थिति में नॉर्थ ईस्ट और दार्जिलिंग के लोग, जिनकी आंखें छोटी-छोटी हैं, नाक छोटी है, उन पर पुणे में, दिल्ली में, कोलकाता में और बाकी देश भर में नस्लभेदी टिप्पणियां की जा रही हैं। मुझे लगता है कि इसे तुरंत रोकना चाहिए और ऐसा करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

सर, मैं अन्त में एक बात कहना चाहूंगा। मेरा पूरा क्षेत्र टूरिज्म पर टिका हुआ है। वहां बहुत सारे लोग टूरिज्म के माध्यम से ही अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। इसलिए मैं सरकार से मांग करता हूं कि मेरे क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए एक स्पेशल पैकेज दिया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री राजू बिष्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।